संचालनालय
कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें, छ.ग.
इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–सी, द्वितीय तल, नया रायपुर

क्रं./न–1–63/स्था./लो.वि/2015/2232 रायपुर, दिनांक 11/12/2015

छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के पत्र क्रमांक एफ–1–26/2015/16 दिनांक 09.11.2015 तथा सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 20–4/2015/आ.प्र./1–3 दिनांक 25.08.2015 के संदर्भ में कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें के अन्तर्गत **निःशक्तजनों के रिक्त पदों के बैकलॉग की भर्ती हेतु** निम्नलिखित रिक्त पदों पर भर्ती के लिये छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं । सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ 13–15/2012/आ.प्र./1/3 दिनांक 18.07.2012 के निर्देशानुसार, की जाने वाली नियुक्तियॉ माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका क्रमांक 591/2012, 592/2012, 593/2012, 594/2012 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन रहेंगी एवं माननीय न्यायालय के अंतिम आदेश/निर्णय के अनुसार विज्ञापित किये गये पदों की वर्गवार रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन भी हो सकता है । आवेदन पत्र भरने के पूर्व आवेदक स्वयं सुनिश्चित कर लें कि वे नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हता तथा अन्य शर्तों के अनुसार पात्रता रखते हैं ।

''निःशक्तजनों के रिक्त पदों के बैकलॉग की भर्ती हेतु''

क्र.	पदनाम	वेतनमान `	पदों की संख्या				योग	निःशक्तता का प्रकार
			अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	अना		
1	स्टाफ नर्स	5200–20200+ ग्रेड पे 2800	1	2	1	2	6	OL
2	फार्मासिस्ट ग्रेड–2	5200–20200+ ग्रेड पे 1900	1	1	0	2	4	OL/BL
3	डाटा एण्ट्री ऑपरेटर	5200–20200+ ग्रेड पे 2400	0	1	0	0	1	OA/OL/OAL/ BL/HH
4	सहायक ग्रेड – 3	5200–20200+ ग्रेड पे 1900	0	1	0	1	2	OA/OL/OAL/ BL/B/LV/HH
5	ड्रेसर	5200–20200+ ग्रेड पे 1800	1	1	0	1	3	OL/HH
6	वार्ड सेवक (चतुर्थ श्रेणी)	4750–7440+ ग्रेड पे 1300	0	2	0	2	4	OA/OL/LV
7	आया(चतुर्थ श्रेणी)	4750–7440+ ग्रेड पे 1300	0	1	0	2	3	OA/OL/LV
8	स्वच्छक (चतुर्थ श्रेणी)	4750–7440+ ग्रेड पे 1300	0	1	0	2	3	OL/HH
		कुल योगः–	3	10	1	12	26	

शब्द संक्षेप –

(1) OL= One Leg (2)BL= Both Leg (3)OA= One Arm (4)OAL= One Arm & One Leg (5)HH= Hearing Impaired(6)B= Blind (7)LV= Low Vision

1. ये नियुक्तियॉ कर्मचारी राज्य बीमा योजना (तृतीय श्रेणी अविज्ञप्त) भर्ती नियम 1978 तथा कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें (चतुर्थ श्रेणी) सेवा भर्ती नियम 1985 के अन्तर्गत की जायेंगी ।
2. दिनांक 01.01.2015 को आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 35 वर्ष से कम होनी चाहिये । छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पूर्व आदेशानुसार अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व., महिला, विधवा, परित्यकता आदि को आयु सीमा में अतिरिक्त छूट प्राप्त होगी ।
3. आवेदक को छत्तीसगढ़ निवासी होना आवश्यक होगा ।
4. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना चाहिये ।

.....2

5. आरक्षित वर्ग के आवेदक के पास आरक्षण का लाभ लेने के लिये, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त स्थायी जाति प्रमाण पत्र होना आवश्यक है ।
6. क्रमांक 1 से 5 तक के चयनित आवेदकों को प्रथमतः दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर तथा क्रमांक 6 से 8 के चयनित आवेदकों को एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर नियुक्त किया जायेगा ।
7. आवश्यकतानुसार विज्ञापित पदों की संख्या कम अथवा अधिक की जा सकती है । ये नियुक्तियॉ कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें के अन्तर्गत प्रदेश में किसी भी स्थान पर की जा सकती हैं । प्रथम नियुक्ति के पश्चात् एक वर्ष की अवधि तक प्राप्त होने वाली रिक्तियों को अनुपूरक सूची से भरा जा सकेगा ।
8. महिलाओं को नियमानुसार 30 प्रतिशत हारिजान्टल आरक्षण दिया जायेगा । किसी कारणवश महिला अभ्यर्थी का चयन न होने पर यदि पद रिक्त हो जाता है तो ऐसे पद अग्रणीत नहीं किये जायेंगे वरन उसी प्रवर्ग से पुरूष उम्मीदवार द्वारा भरे जा सकेंगे, जिस प्रवर्ग के लिये आरक्षित हैं ।
9. आरक्षण नियमों, निर्देशों तथा आरक्षण रोस्टर के संबंध में समय–समय पर जारी निर्देश इस विज्ञप्ति पर भी लागू होंगे ।
10. ऐसे अभ्यर्थी जो शासकीय अथवा अर्द्ध शासकीय संस्था में सेवारत हैं, उन्हें अपना आवेदन पत्र नियोक्ता/विभाग प्रमुख के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत करना होगा ।
11. छ.ग. सिविल सेवा नियम 1961 के नियम 6 के अनुसार अपात्र उम्मीदवारों को नियुक्ति नहीं दी जायेगी, जैसे जिसने न्यूनतम आयु के पूर्व विवाह किया है, जिसकी दो से अधिक संतान हैं जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ है ।
12. परीक्षा में सम्मिलित किये जाने का यह अर्थ कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है । चयन के किसी भी स्तर पर तथा चयन के पश्चात् भी आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जायेगी एवं उम्मीद्वार के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही भी की जा सकेगी ।
13. अपूर्ण, अस्पष्ट तथा त्रुटीपूर्ण आवेदन पत्र के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यतायें :–

क्रं.	पद का नाम		अर्हता
1	**स्टाफ नर्स**		हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण । मान्य संस्था से जनरल नर्सिंग एवं 1.5 (डेढ़) वर्षीय मिडवाइफरी कोर्स उत्तीर्ण तथा छ.ग. नर्सिग काउन्सिल में पंजीयन।
2	**फार्मासिस्ट ग्रेड–2**		हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण । मान्य संस्था से फार्मासिस्ट की परीक्षा उत्तीर्ण तथा छ.ग. फार्मेसी काउन्सिल में पंजीयन।
3	**डाटा एण्ट्री ऑपरेटर**	1	मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण, अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण । अथवा कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा ।
		2	किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग मे एक वर्षीय डिप्लोमा तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एण्ट्री की गति 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी)
4	**सहायक ग्रेड – 3**	1	मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण, अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।
		2	किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग मे एक वर्षीय डिप्लोमा/ प्रमाण पत्र तथा
		3	कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग हेतु 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी)

5	**ड्रेसर**		हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण तथा ड्रेसिंग का ज्ञान।
6	**वार्ड सेवक**		पॉचवी परीक्षा उत्तीर्ण
7	**आया**		पॉचवी परीक्षा उत्तीर्ण
8	**स्वच्छक**		पॉचवी परीक्षा उत्तीर्ण

नियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया

1. क्रमांक 1 से 8 तक के पदों के लिये लिखित चयन परीक्षा ली जायेगी ।
2. लिपिक वर्गीय पदों (सहायक ग्रेड–3, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर) के लिये एक ही लिखित संयुक्त परीक्षा ली जायेगी । लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूचियॉ बनाई जायेंगी । मेरिट सूचियों के अनुसार लिपिक वर्गीय पदों हेतु अलग–अलग कौशल परीक्षा ली जायेगी । रिक्त पदों के लगभग 3 गुना अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जायेगा । मेरिट के अनुसार अभ्यर्थी एक से अधिक पद हेतु कौशल परीक्षा दे सकेंगे । कौशल परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को चयन के लिये अपात्र माना जायेगा । भले ही लिखित परीक्षा में उन्हें अधिक अंक प्राप्त हुये हों । लिखित परीक्षा तथा कौशल परीक्षा के अंक जोड़कर अंतिम मेरिट सूचियॉ बनाई जायेंगी ।
3. क्रमांक 1 से 2 तथा क्रमांक 5 से 8 तक के अभ्यर्थियों को चयन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम मेरिट सूचियॉ बनाई जायेंगी ।
4. चयन के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम तथा सर्वमान्य होगा ।

आवेदन के संबंध में निर्देश –

(1) निर्धारित प्रारूप में **टाइप कर आवेदन प्रस्तुत करें** ।
(2) लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम एवं वर्ग अनिवार्य रूप से लिखें ।
(4) **आवेदकों को 1. अंकसूचियॉ/शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र 2. जन्म तिथि हेतु मान्य प्रमाण पत्र 3.छत्तीसगढ़ निवासी प्रमाण पत्र 4. रोजगार कार्यालय पंजीयन 5. मान्य जाति प्रमाण पत्र 6. निःशक्तता के मान्य सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है।**
(8) आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से **संचालनालय कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें, इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–सी, द्वितीय तल, नया रायपुर** में प्रेषित करें । निर्धारित समयावधि में आवेदन संचालनालय में उपलब्ध करवाने का उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
(9) आवेदन का प्रारूप श्रम विभाग की वेबसाइट **www.cglabour.gov.in**, अथवा राज्य शासन की वेब साइट **www.cgstate.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है । आवेदन फार्म संचालनालय, कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें से भी प्राप्त किया जा सकता है ।
(10)आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पूर्ण नाम एवं पता लिखे हुये दो लिफाफे, प्रत्येक पर रू. 5 की डाक डिकट चस्पा करते हुये आवश्यक रूप से संलग्न करें ।
(11) संचालनालय में **दिनांक 04.01.2016 सायं 5.00 बजे** के पूर्व आवेदन स्वीकार किये जायेंगे ।

संचालक
कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें
रायपुर

आवेदन पत्र का प्रारूप

कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें के अन्तर्गत तृतीय श्रेणी तथा चतुर्थ श्रेणी के रिक्त बैकलॉग पदों पर निशक्तजनों की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

स्वयं अथवा राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित किया गया नवीनतम पार्सपोट साइज फोटो

आवेदक के हस्ताक्षर

प्रति,

संचालक
कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें
रायपुर (छ.ग.)

1. पद का नाम – .....
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) – .....
   (अंग्रेजी में) – .....
3. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) – .....
   (अंग्रेजी में) – .....
4. जन्मतिथि – ..... 5. उम्र 01.01.2015 की स्थिति में–.....वर्ष.....माह.....दिन

6 जाति/वर्ग (√) (निशान लगायें)

अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व	अना.

7. पत्र व्यवहार का पता –.....
   .....
   .....
8. दूरभाष/मोबाइल कमांक – .....
9. निःशक्तता का प्रकार – .....
10. जारी निःशक्तता प्रमाण पत्र का जिला/क्रमांक/दिनांक.....
11. छ.ग. के निवासी का प्रमाण पत्र है/नहीं .....
12. ई–मेल पता .....
13. शैक्षणिक योग्यता–

परीक्षा का नाम	विद्यालय/संस्थान का नाम	वर्ष	प्राप्तांक/पूर्णांक	प्रतिशत

14. स्टाफ नर्स/फार्मासिस्ट के अभ्यर्थी – नर्सिंग/फार्मेसी काउन्सिल में पंजीयन क्रमांक/दिनांक .....
15. रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन क्रमांक /दिनांक .....

घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त विवरण पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है । किसी भी स्थिति में विवरण असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीद्वारी निरस्त हो जायेगी तथा मेरे सभी दावे समाप्त हो जायेंगे ।

हस्ताक्षर – .....

दिनांक :–
स्थान :–

आवेदक का नाम – .....